# दिनांक 20.04.2026 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम/डी0टी0यू0 के अन्तर्गत आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 20.04.2026 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम/गठित डी0टी0यू0 के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर, जिला पंचायत राज अधिकारी, श्री राकेश चौधरी, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर व जल निगम की कार्यदायी एजेंसी एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0 एवं विंध्या टेलीलिंक्स लि0 के जनपदीय प्रोजेक्ट मैनेजर, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के डी0पी0एम0, डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक, जिला तकनीकी समिति से सम्बन्धित विभाग के सदस्य(DTU) एवं जनपद में कार्यरत 04 नग आई0एस0ए0 एजेन्सीयों महिला ग्रामोद्योग विकास संस्थान अमरोहा, राम मनोहर एजूकेशन एवं समुदाय बाल विकास सोसाइटी, मन्सूरी एकेडमी एंव पी0एस0सेवा समिति के प्रतिनिधि, जनपद अन्तर्गत समस्त आई0ई0सी0 कार्डिनेटर के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा के दौरान स्थिति निम्नवत पायी गयी :-

**1- जल जीवन मिशन समीक्षा एवं सीमावर्ती ग्राम:-**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज-2 एवं फेज-3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0-गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे रोड रेस्टोरेशन के कार्यो का सत्यापन मा0कपिल देव अग्रवाल जी, प्रभारी मंत्री, उ0प्र0सरकार द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या मे पायी गयी कमियों को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को ठीक कराने के निर्देश दिये गये एवं यह भी निर्देश दिये गये कि ग्रामों में किये जा रहे कार्यो यथा रोड रेस्टोरेशन, अवर जलाशय एवं निर्माण कार्यो में उचित गुणवत्ता एवं निर्धारित मानको का पूर्ण अनुपालन किया जाये।

इसके अतिरिक्त ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत जनपद के समस्त ग्रामीण क्षेत्रो में नियमित रुप से जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिये गये एवं जलापूर्ति तथा अनुरक्षण में आ रही समस्याओ यथा पाईप लाईन लिकेज, मोटर खराब होना, सोलर में समस्या आना अथवा अन्य तकनीकी समस्या का तत्काल निराकरण करा कर निरन्तर जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

मा0मुख्यमंत्री जी उ0प्र0सरकार की प्राथमिकता वाले उत्तराखण्ड की सीमा से लगे समस्त सीमावर्ती ग्रामों की समीक्षा की गयी एवं पाया गया कि वर्तमान तक एजेन्सीयो द्वारा योजनाओं के कार्य पूर्ण करने की गति धीमी है एवं योजनाओं पर विभिन्न कार्य यथा अवर जलाशय, पाइप लाईन, सोलर एवं जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना अवशेष है। अधिकतर योजनाओं में डायरेक्ट पम्पिंग से जलापूर्ति की जा रही है जिस कारण समस्त उपभोक्ताओं को सुचारु रुप से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

अधिशासी अभियन्ता एवं सम्बन्धित कार्यदायी एजेन्सीयों को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त सीमावर्ती ग्रामों के कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए कार्य पूर्ण कराया जाना एवं सुचारु रुप से जलापूर्ति प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित करें।

**2- सोर्स सस्टेनबिलिटी प्लान**

अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में पाइप पेयजल योजनाओं के स्त्रोतो की स्थिरता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये थे एवं जनपद की स्त्रोत स्थिरता कार्ययोजना(सोर्स सस्टेनबिलिटी प्लान) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से तैयार कराते हुए मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर द्वारा जनपद के अन्तर्गत भूगर्भ आधारित पाइप पेयजल योजनाओं की स्त्रोत स्थिरता कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की गयी। जिसे अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3– जिला तकनीकी इकाई(DTU)

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के संचालन, अनुरक्षण तथा दीर्घकालिक स्थायित्व हेतु जनपद स्तर पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 18.03.2026 को गठित जिला तकनीकी इकाई (DTU) के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक के अन्तर्गत समिति को उनके कार्यों एवं दायित्वों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। समिति द्वारा निम्नानुसार कार्यों एवं दायित्वों का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें।

1– **डेटाबेस एकीकरण** जल जीवन मिशन, एन०आर०डी०डब्ल्यू०पी० (NRDWP) राज्य योजनाएं तथा अन्य सभी ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को सुजलाम भारत डेटाबेस के अन्दर लाना।

2– **डिजिटल शेड्यूलिंग** सुजलाम भारत ऐसेट रजिस्ट्री के आधार पर योजनाओं के विभिन्न कम्पोनैन्ट्स हेतु डिजिटल प्रीवैन्टिव मैन्टेनेन्स शिड्यूल तैयार कराना ताकि रिऐक्टिव मैन्टेनेन्स को कम किया जा सके।

3– **एसेट और इन्वेंटरी रणनीति** विभिन्न कम्पोनेन्ट्स के जीवनकाल एवं परफॉरमैन्स के आधार पर मध्यकालिक एवं दीर्घकालिक ऐसेट रीप्लेसमेन्ट रणनीति तैयार करना।

4– **ए०आई० (AI) का उपयोग** आर्टिफिशियल इन्टैलिजैन्स (ए०आई०) आधारित पूर्वानुमान के आधार पर ऑप्टिमम भण्डार (इन्वेंटरी) का प्रबन्धन कराना।

5– **टिकटिंग सिस्टम** डिजिटल टिकटिंग सिस्टम पर ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति (VWSC) से प्राप्त होने वाली तकनीकी एवं ऑपरेशनल समस्याओं का पारदर्शी व समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराना।

6– **अनुबंध और एस०ओ०पी० (SOP)** योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण अनुबन्ध तैयार करने, सर्विस लैवल और स्टॉफ की आवश्यकता पर ग्राम पंचायतों को सुझाव देना। आपातकाल और प्रीवैन्टिव मैन्टेनैन्स के लिए स्थान विशेष की परिस्थितियों के अनुसार स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) तैयार कराना।

7– **नियमित समीक्षा** नियमित अन्तराल पर बैठक कर ग्राम प्रधान से तथा जल सेवा ऑकलन फॉर्म से प्राप्त फीडबैक का अध्ययन करना और समस्याओं के निवारण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) को सुझाव देना।

**निष्कर्ष एवं निर्देश**

सभी नामित सदस्यों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल प्रभाव से आपसी समन्वय स्थापित करें एवं ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

(जसजीत कौर)
जिलाधिकारी
बिजनौर

कार्यालय जिलाधिकारी, बिजनौर।

पत्रांकः 1570 /जल जीवन मिशन–बैठक कार्यवृत्त/2026–27–168 दिनांकः–29/04/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर।
2– समस्त सदस्य जिला तकनीकी इकाई, बिजनौर।
3– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र०जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, बिजनौर।
5– पी०एम०, मै०आरवी एसोसिएटस (TPI) बिजनौर।
6– जिला समन्वयक, मै०मेघज प्रा०लि०(DPMU), बिजनौर।
7– समस्त आई०एस०ए०, जनपद बिजनौर।
8– जिला समन्वयक, समस्त आई०ई०सी०, बिजनौर।
9– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै०विध्या टेलीलिंक्स लि०–गजा इंजीनियरिंग प्रा०लि० जे०वी०/ मै०एल०सी०इन्फा प्रो०प्रा०लि० बिजनौर।

जिलाधिकारी
बिजनौर।